


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया

हर खबर सच के साथ

अलीगढ़,गुरुवार,11,सितम्बर,2025 Follow us on:/ planetnewsindia776@gmail.com


## Land For Job Scam

### लालू और तेजस्वी के खिलाफ आरोप पत्र पर फैसला सुरक्षित, नौकरी के बदले जमीन घोटाले का मामला



नौकरी के बदले जमीन घोटाले मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और अन्य के खिलाफ नौकरी के बदले जमीन मामले में आरोप पत्र पर फैसला सुरक्षित रखा गया है। सीबीआई ने इस मामले में पूर्व रेल मंत्री लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी और अन्य के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया है। आरोप है कि जमीन के बदले रेलवे में नौकरियां दी गईं। अदालत ने 13 अक्तूबर तक अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

## Fake ITC Case

### 650 करोड़ के फर्जी आईटीसी मामले में ईडी की छापेमारी, दिल्ली-हरियाणा समेत तमाम राज्यों में दबिश




प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को 650 करोड़ रुपये के कथित फर्जी जीएसटी इनपुट टैक्स क्रेडिट दावे से जुड़े धन शोधन के मामले में कई राज्यों में छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, संघीय जांच एजेंसी के गुवाहाटी कार्यालय की ओर से अरुणाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली, तमिलनाडु और तेलंगाना में कई स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की जा रही है।




## विकास मॉडल नहीं बदला तो ढह जाएगा हिमालय वैज्ञानिकों ने दी अर्ली वार्निंग सिस्टम का जाल बिछाने की सलाह

रिपोर्ट के अनुसार उत्तराखंड और हिमाचल का लगभग 70 प्रतिशत क्षेत्र भूस्खलन जोन में आता है। इसकी औसत भार वहन क्षमता प्रति हेक्टेयर 60 से 80 टन है। यानी चौड़ी सड़कों, बहुमंजिला होटलों, सुरंगों और बड़े बांध जैसे भारी निर्माण इस प्राकृतिक संतुलन को तोड़ देते हैं।उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर जैसे हिमालयी राज्य इस समय आपदा की मार झेल रहे हैं। हर बार सरकारें इसे केवल मौसम की मार या जलवायु परिवर्तन का परिणाम बताकर बच निकलना चाहती हैं, लेकिन विशेषज्ञ इसकी असली वजह अनियोजित और बेतरतीब विकास मॉडल को



मानती है, जिसे समय रहते नहीं बदला गया तो ढहते हिमालय को बचा पाना मुश्किल होगा।भारतीय मौसम विज्ञान सोसायटी के अध्यक्ष एवं भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के पूर्व अतिरिक्त महानिदेशक आनंद शर्मा कहते हैं, एक दशक में पूर्वानुमान और मॉनिटरिंग की क्षमता में जबरदस्त सुधार हुआ है, लेकिन जब तक चेतावनियों पर समय रहते स्थानीय प्रशासन और समाज प्रतिक्रिया नहीं करेगा, तब तक केवल मौसम को दोषी ठहराना व्यर्थ है। असल विफलता विकास और योजना प्रक्रिया में है।

## CBI: जालसाजी और धोखाधड़ी में वांछित 'मुनव्वर खान को भारत लाया गया



### कुवैत से आते ही सीबीआई ने हिरासत में लिया

जालसाजी और धोखाधड़ी के मामले में वांछित मुनव्वर खान को वापस भारत ले आया गया है। सीबीआई की टीम ने भारी मक्कत के बाद उसे कुवैत से भारत प्रत्यर्पित करवाने में सफलता पाई। सीबीआई की ओर से जारी बयान के मुताबिक, केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने इंटरपोल चैनलों के जरिए कुवैत से मुनव्वर खान की वापसी को लेकर तालमेल किया। मुनव्वर खान जालसाजी और धोखाधड़ी के मामले में सीबीआई का वांछित अपराधी है। सीबीआई की अंतरराष्ट्रीय पुलिस सहयोग इकाई (आईपीसीयू) ने विदेश मंत्रालय और एनसीबी-कुवैत की मदद से रेड नोटिस के तहत वांछित मुनव्वर खान को 11 सितंबर 2025 को सफलतापूर्वक भारत वापस लाने में सफल रही। मुनव्वर खान को कुवैत पुलिस की एक टीम कुवैत से हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लाई। सीबीआई, एसटीबी, चेन्नई की एक टीम ने 11 सितंबर को हवाई अड्डे पर उसे हिरासत में ले लिया।

## Uttarakhand: प्रदेश के पर्वतीय जिलों में बारिश का यलो अलर्ट,



उत्तराखंड में मौसम अभी राहत देने वाला नहीं है। बागेश्वर, पिथौरागढ़, नैनीताल और चंपावत समेत कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।उत्तराखंड के सभी पर्वतीय जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विज्ञान विभाग की ओर से इन जिलों में गरज के साथ बारिश की हल्की बौछार पड़ने का अनुमान जताया गया है। उधर हरिद्वार और ऊधम सिंह नगर जैसे मैदानी जिलों में बारिश की संभावना जताई है।

बारिश, भूस्खलन के चलते प्रदेश में बंद 288 सड़कों में से बुधवार तक 101 को ही खोला जा सका है। अभी भी प्रदेश में 187 मार्ग बंद हैं। **इसमें टिहरी में 20, चमोली 31, रुद्रप्रयाग 23, पौड़ी 18, उत्तरकाशी 22, देहरादून 14, हरिद्वार एक, पिथौरागढ़ 22, अल्मोड़ा 23, बागेश्वर सात और नैनीताल में छह सड़क बंद है।चंपावत और ऊधम सिंह नगर में कोई भी सड़क बंद नहीं है। बंद मार्गों के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।** लोक निर्माण विभाग ने विभिन्न मार्गों पर 671 जेसीबी को बंद मार्गों को खोलने के लिए तैनात किया हुआ है।

## MEA: 'मॉस्को से इस प्रथा को समाप्त करने को कहा

रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती को लेकर केंद्र की सरकार ने अपना बयान जारी किया है। मामले से जुड़े मीडिया के सवालों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा, 'हमने हाल ही में रूसी सेना में भारतीय नागरिकों की भर्ती के बारे में रिपोर्ट देखी हैं। सरकार ने पिछले एक साल में कई मौकों पर इस तरह की कार्रवाई में निहित जोखिमों और खतरों को रेखांकित किया है। इसके हिसाब से ही भारतीय नागरिकों को आगाह भी किया गया है। हमने दिल्ली और मॉस्को दोनों जगहों पर रूसी अधिकारियों के साथ भी यह मामला उठाया है। हमने अनुरोध किया है कि इस प्रथा को समाप्त किया जाए। हमारे नागरिकों को वापस भेजा जाए। हम प्रभावित भारतीय नागरिकों के परिवारों के संपर्क में भी हैं।'विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने लोगों से जान जोखिम में डालने वाले



